हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सिर्फ ₹3.00 में
सोमवार से शुक्रवार *
मंगलवार, 10 अक्तूबर 2017, लखनऊ, पांच प्रदेश, 20 संस्करण, नगर संस्करण
www.livehindustan.com
वर्ष 22, अंक 235, 26 पेज, मूल्य ₹ 3.00, कार्तिक, कृष्ण पक्ष, पंचमी, विक्रम सम्वत् 2074





स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में स्नातक स्तर पर आकाश सिंह को मिस्टर फ्रेशर व मान्या निगम को मिस फ्रेशर चुना गया।

# आकाश मिस्टर व मान्या मिस फ्रेशर

**लखनऊ।** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईंसेज में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम 'आगमन-2017' में स्नातक स्तर पर आकाश सिंह को मिस्टर फ्रेशर व मान्या निगम को मिस फ्रेशर चुना गया। परास्तानक स्तर पर मिस्टर फ्रेशर का खिताब ऋषभ सिंह को दिया गया। वैष्णवी यादव मिस फ्रेशर चुनी गईं। कॉलेज के निदेशक डॉ. मनोज मेहरोत्रा व महानिदेशक (तकनीकी) डा. भरत राज सिंह ने कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया। संस्थान के सचिव शरद सिंह ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ अन्य सांस्कृतिक व खेलकूद गतिविधियां भी आवश्यक हैं। बालीवुड गायक विशाल श्रीवास्तव की प्रस्तुति पर छात्रों ने खूब मस्ती की। अंत में प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।